पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने गंज कार्निवाल का उद्घाटन किया

लखनऊः 18 अक्टूबर, 2015

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल, श्री राम नाईक ने आज हजरतगंज में आयोजित गंज कार्निवाल का दीप प्रज्जवलित कर उद्घाटन किया तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी देखें। इस अवसर पर राज्यपाल की पत्नी श्रीमती कुंदा नाईक, मण्डलायुक्त लखनऊ श्री महेश कुमार गुप्ता, जिलाधिकारी लखनऊ श्री राजशेखर, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री राजेश पाण्डे सहित जिला प्रशासन के अधिकारी व बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

राज्यपाल ने कलाकारों की प्रस्तुति की सराहना करते हुए कहा कि नृत्य देखकर एवं लाउनी संगीत सुनकर ऐसा लगा कि जैसे मैं मुंबई में हूँ। उन्होंने गंजिग शब्द के बारे में कहा कि यह शब्द किस भाषा का है, इसके लिए मैंने अंग्रेजी शब्दकोष भी देखा परन्तु यह शब्द शब्दकोष में नहीं मिला। गंजिग शब्द लखनऊ की जुबान है। लखनऊ गंगा-जमुनी तहजीब का शहर है। यहाँ से कला पूरी दुनिया में फैली है।

श्री नाईक ने कहा कि कला से जीवन में आनंद का प्रसार होता है। आजकल नवरात्रि में माँ की पूजा अर्चना की जाती है तथा दशहरे के दिन विजयदशमी मनायी जाती है परन्तु आज यहाँ भारी संख्या में उपस्थित लखनऊवासियों तथा कलाकारों की प्रस्तुति देखकर लगता है कि विजयोत्सव मनाया गया है। राज्यपाल ने दशहरे की शुभेच्छाएं दी तथा भारतीय नववर्ष की अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आने वाला वर्ष सभी के लिए आनन्द एवं सुखदायक हो।

कार्यक्रम में कलाकार संजू सिंह ने राज्यपाल का चित्र बनाकर उन्हें भेंट किया। राज्यपाल ने जिलाधिकारी राजशेखर एवं जिला प्रशासन को ऐसे सुंदर आयोजन की बधाई भी दी।

Uttar Pradesh
UTTAR PRADESH TOURISM
THE HERITAGE ARC

गंगा कार्निवाल समिति
Uttar Pradesh
THE HERITAGE ARC